अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# द्वितीय सेमेस्टर – 2020
## (प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** निम्न में से कौन-सा अनुच्छेद अल्पसंख्यक वर्गों के हितों के संरक्षण से सम्बन्धित है? **(1)**

(A) अनुच्छेद 45 (B) अनुच्छेद 21

(C) अनुच्छेद 29 (1) (D) अनुच्छेद 17

**2.** 6-14 वर्ष तक के बच्चों की निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा को 'मौलिक अधिकार' किस संविधान संशोधन द्वारा बनाया गया? **(1)**

(A) 82वाँ (B) 85वाँ

(C) 86वाँ (D) 87वाँ।

**3.** केन्द्रीय सलाहकार बोर्ड किसके नाम से जाना जाता है? **(1)**

(A) बेसिक शिक्षा योजना के नाम से (B) सार्जेण्ट योजना के नाम से

(C) हण्टर कमीशन के नाम से (D) हांग समिति के नाम से।

**4.** उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान कहाँ स्थित है? **(1)**

(A) लखनऊ में (B) दिल्ली में

(C) वाराणसी में (D) प्रयागराज में।

**5.** शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 कब लागू हुआ? **(1)**

(A) मार्च 2010 (B) अप्रैल 2010

(C) जुलाई 2010 (D) मई 2010

**6.** निम्न आयोगों का सही क्रम बताइए- **(1)**

(A) हण्टर आयोग (B) राधाकृष्णन आयोग

(C) वुड डिस्पैच (D) कोठारी आयोग

**7.** उत्तर प्रदेश में मिड-डे-मील योजना कब लागू की गई? **(1)**

(A) 11 सितम्बर, 2004 (B) 1 सितम्बर, 2004

(C) 29 सितम्बर, 2004 (D) 14 सितम्बर, 2004

**8.** कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय योजना भारत सरकार द्वारा कब प्रारम्भ की गई? **(1)**

(A) 2004 (B) 2005

(C) 2006 (D) 2007

**9.** 'जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम' की क्या विशेषता है? **(1)**

(A) शिक्षा में सबकी भागीदारी (B) शिक्षा में बराबरी पर बल

(C) नये शैक्षणिक प्रयोग (D) उपर्युक्त सभी।

**10.** अध्यापक शिक्षा हेतु नियामक संस्था है- **(1)**

(A) NCTE (B) NCERT

(C) CTE (D) MHRO

**11.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या, 2005 के प्रारम्भ का अंश रबीन्द्रनाथ टैगोर के किस निबन्ध से लिया गया? **(1)**

(A) सभ्यता और संस्कृति (B) सभ्यता और प्रगति

(C) सभ्यता और समाज (D) सभ्यता और मानव।

**12.** 1992 में गठित यशपाल समिति किससे सम्बन्धित है? **(1)**

(A) स्कूली छात्रों के बोझ को कम करने से (B) उच्च शिक्षा में गुणवत्ता से

(C) व्यवसायिक शिक्षा से (D) तकनीकी शिक्षा से।

**13.** 'छनाई का सिद्धान्त' किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया? **(1)**

(A) विलियम वुड (B) लॉर्ड कर्जन

(C) लॉर्ड मैकाले (D) माइकल सैडलर।

**14.** नवोदय विद्यालय की स्थापना किसकी संस्तुति पर की गई? **(1)**

(A) कोठारी आयोग (B) माध्यमिक शिक्षा आयोग

(C) नई शिक्षा नीति (1986) (D) यशपाल समिति।

**15.** जब कोई बालक किसी भी अवस्था में प्राथमिक शिक्षा पूर्ण किये बिना ही विद्यालय छोड़कर चला जाता है, तो यह कहलाता है- **(1)**

(A) अवरोध (B) पृथक्करण

(C) अपव्यय (D) विभाजन।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51क के बारे में आप क्या जानते हैं? **(1)**

**17.** वुड का घोषणा पत्र 1954 के शिक्षा सम्बन्धी उद्देश्य क्या थे? **(1)**

**18.** 'हण्टर आयोग' के दो कार्य लिखिए। **(1)**

**19.** राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के कौन-से अभिकरण हैं? **(1)**

**20.** शैक्षिक उन्नयन में ब्लॉक संसाधन केन्द्रों की क्या भूमिका है? **(1)**

**21.** लॉर्ड कर्जन ने प्राथमिक स्तरीय शिक्षा में क्या-क्या सुधार किये ? **(1)**

**22.** प्रोग्राम ऑफ एक्शन के कौन-कौन से लक्ष्य निर्धारित किये गये? **(1)**

**23.** ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड परियोजना क्या है? **(1)**

**24.** स्कूल रेंडीनेस प्रोग्राम क्या है? **(1)**

**25.** शिक्षा को संविधान में समवर्ती सूची में रखने का क्या उद्देश्य है? **(1)**

**26.** स्कूल चलो अभियान कब प्रारम्भ हुआ? **(1)**

**27.** राष्ट्रीय बालश्रम परियोजना क्या है? **(1)**

**28.** सी.टी.ई. किस स्तर के शिक्षकों को तैयार करता है? **(1)**

**29.** 'मिड-डे-मील' योजना को स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**30.** 'बिना बोझ के शिक्षा' में कितने प्रकार के बोझ, बच्चों में होने की बात कही गयी है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** राष्ट्रीय साक्षरता मिशन पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए। **(2)**

**32.** शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के क्रियान्वयन में समस्याएँ बताइए। **(2)**

**33.** 'वंचित वर्ग' से आप क्या समझते हैं? **(2)**

**34.** विद्यालय प्रबन्ध समिति पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए। **(2)**

**35.** प्राथमिक शिक्षा हेतु शिमला सम्मेलन में क्या विचार व्यक्त किये गये थे? **(2)**

**36.** शिक्षक शिक्षा में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों की भूमिका लिखिए। **(2)**

**37.** बाल अधिकार से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**38.** भारतीय शिक्षा में लॉर्ड कर्जन का योगदान लिखिए। **(2)**

**39.** स्वतंत्रता पश्चात् के किन्हीं दो शिक्षा आयोगों का संक्षिप्त परिचय दीजिए। **(2)**

**40.** शिक्षकों के अकादमिक सर्पोट में डायट की क्या भूमिका है? **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/prarambhik-shiksha-ke-navin-prayas/2020

2. प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/prarambhik-shiksha-ke-navin-prayas/

3. प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/prarambhik-shiksha-ke-navin-prayas/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN